भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2104
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको-पार्कों का विकास

†2104. डॉ. निशिकान्त दुबेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य-वार, विशेषकर झारखंड राज्य में, कितने इको-पार्क विकसित किए गए हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन इको-पार्कों के माध्यम से वर्ष-वार कितना राजस्व सृजित हुआ;

(ग) क्या झारखंड के विभिन्न जिलों, विशेषकर संथाल परगना में इको-पार्क बनाने का कोई विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' (एसडी) नामक अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है । स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय ने झारखंड सहित इको-परिपथ थीम में 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विकसित परियोजनाओं के प्रचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की है और मंत्रालय इन परियोजनाओं के माध्यम से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा सृजित राजस्व का रिकॉर्ड नहीं रखता है ।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है । मंत्रालय ने तदनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से और योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए झारखंड में 'चांडिल' सहित देश में 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है । इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं, जिसके अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने झारखंड राज्य में 'रामरेखा धाम' सहित 42 गंतव्यों को विकास के लिए चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा इको-पार्कों का विकास के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2104 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

इको-परिपथ थीम में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	उत्तराखंड	(2015-16)	टिहरी झील और उसके आस-पास के क्षेत्र को एक नए गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना, इको पर्यटन एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स का समेकित विकास -जिला टिहरी	69.17
2.	तेलंगाना	(2015-16)	महबूबनगर जिलों (सोमासिला, सिंगोटम, कदलाइववनम, अक्कामहादेवी, एगलानपंता, फरहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62
3.	केरल	(2015-16)	पठानमथिट्टा-गवी-वागामोन-थेक्कडी का विकास	64.08
4.	मिजोरम	(2016-17)	आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37
5.	मध्य प्रदेश	(2017-18)	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	93.76
6.	झारखंड	(2018-19)	इको पर्यटन परिपथ: दलमा- बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया- नेतरहाट का विकास	30.44

*****